# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 का आयोजन किया जाना है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु तिथि दिनांक 05.04.2021 से 10.04.2021 तक निर्धारित किया गया है।

2. इस संबंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर दिनांक 05.04.2021 से 10.04.2021 तक ऑनलाइन माध्यम से भरा जाएगा।

3. **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 के कम्पार्टमेंटल श्रेणी में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी** :– इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित वैसे विद्यार्थी जो किसी एक अथवा दो विषय में अनुत्तीर्ण हैं, वे कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को पुनः प्रायोगिक परीक्षा में अलग से सम्मिलित नहीं होना होगा। वर्ष 2021 में आयोजित इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेंगे।

साथ ही, इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2020 के वैसे विद्यार्थी जो किसी एक अथवा दो विषय में अनुत्तीर्ण हैं, तो वे दूसरे अवसर के रूप में कम्पार्टमेन्टल कोटि में परीक्षा देंगे तथा उसके लिए परीक्षा फॉर्म भरेंगे। यदि NRB एवं MB विषय (50+50=100 अंक) में से किसी एक खण्ड में अनुतीर्ण है, तो उन्हें दोनों खण्ड NRB एवं MB (50+50=100 अंक) विषय की परीक्षा देना अनिवार्य होगा। इस कोटि के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2020 में ली गई प्रायोगिक परीक्षा के विषय में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा।

4. **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 के विशेष परीक्षा श्रेणी में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी** :– इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 के लिए नियमित/स्वतंत्र एवं पूर्ववर्ती कोटि के वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी, जिनके द्वारा संबंधित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में परीक्षा फॉर्म एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किया गया और उसके बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण उन सूचीकृत विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया और न ही परीक्षा शुल्क जमा किया गया, इसके कारण विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह

गये, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत विद्यार्थी को अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए उन्हें इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों की परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाता है। उन्हें वार्षिक परीक्षा के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती कोटि के वैसे सूचीकृत परीक्षार्थी जिनके ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में विषय, लिंग एवं फोटो में त्रुटि की गई और उसके कारण इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हैं, तो वे विषय, लिंग एवं फोटो को संशोधित करते हुए कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इनका प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उन्हें वार्षिक परीक्षा के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी।

5. **समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के सम्बन्ध में** :– इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2020 में उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में समुन्नत विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने से वंचित रह गये अथवा शिक्षण संस्थान द्वारा उनका ऑनलाइन परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका, वैसे विद्यार्थी समुन्नत कोटि के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों (प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक) में इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

6. इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 के प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थी कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित नहीं होंगे।

7. इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2021 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–

| कोटि | मद | कुल परीक्षा शुल्कादि प्रति छात्र | |
|---|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र तथा पूर्ववर्ती कोटि के वैसे छूटे हुए विद्यार्थी, जो अपने सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। | परीक्षा शुल्क | रु0 1220/– | |
| समुन्नत कोटि के विद्यार्थी के लिए | (i) अनुमति शुल्क<br>(ii) परीक्षा शुल्क | रु0 300/–<br>रु0 1220/– | कुल रु0–1520/– |

| | | |
|---|---|---|
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के वैसे छूटे हुए विद्यार्थी, जो अपने सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। | परीक्षा शुल्क | रु0 1570/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के कम्पार्टमेन्टल विद्यार्थियों के लिए (जो अधिकतम दो विषय में सम्मिलित होंगे)। | परीक्षा शुल्क | रु0 808/– |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के कम्पार्टमेन्टल कोटि के विद्यार्थी के लिए (जो अधिकतम दो विषय में सम्मिलित होंगे)। | परीक्षा शुल्क | रु0 808/– |

8. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाइन नं०– 0612–2230039 पर संपर्क किया जा सकता है।